# AMAR UJALA

**Page No.-05 (my city)** **Date: 06 MAR 2020**

## कॉन्स-एंडो डे कार्यक्रम में अनुभव बताए

मुरादनगर। आईटीएस डेंटल कॉलेज में बृहस्पतिवार को कंजरवेटिव एंड एंडोडोटिक्स विभाग की ओर से कॉन्स एंडो डे मनाया गया। इसमें बीडीएस और एमडीएस के स्टूडेंट्स मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत डा.शैल जग्गी द्वारा सूचनात्मक वेबिनार के साथ हुई। वेबिनार में सभी युवा दंत चिकित्सकों को ऑपरेटिव क्षेत्र के बारे में जागरूक और उसके तौर तरीकों के बारे में बताया। निदेशक डा.विनोद सचदेव, प्रधानाचार्य डा.देवीचरण शेट्टी, राजीव मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

Dainik Jagran

Page No. - IV (Jagran city) Date: 06 MAR 2020

# आइटीएस कॉलेज में मनाया कांस इंडो-डे




आइटीएस कालेज में सेमिनार में शिक्षक व छात्र-छात्राएं ● सौजन्य : कालेज

संवाद सहयोगी, मुरादनगर : हाईवे स्थित आइटीएस डेंटल कॉलेज में बृहस्पतिवार को कांस इंडो-डे के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विशेषज्ञों युवा दंत चिकित्सकों को ऑपरेटिव क्षेत्र के बारे में जानकारी दी। सेमिनार का विषय स्कोप ऑफ कंजरवेटिव डेंटिस्ट्री एंडोडोंटिक्स रहा। सेमिनार में कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. विनय सचदेवा ने छात्रों से कहा कि सेमिनार का उद्देश्य छात्रों को जागरूक करने के साथ रचनात्मक ज्ञान देना है। सेमिनार में एंडोडेंटिस्ट डॉ. शैल जग्गी ने वीडियों कांफ्रेंसिंग से युवा दंत चिकित्सकों को ऑपरेटिव क्षेत्र के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को केस रिपोर्ट, मैनेजमेंट स्ट्रेटजिस, रूट कैनाल व टूथ फ्रैक्चर के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर तृतीय व अंतिम वर्ष छात्रों के लिए साइंटिफिक पोस्टर व डिबेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य देवीशरण शेट्टी व स्टाफ के अन्य लोग मौजूद रहे।